गन्ने के साथ चरी बोएंगे किसान, एथेनाल बनाएंगी चीनी मिलें

जासं, कानपुर : अब किसान गन्ने की खेती के साथ ही चरी भी उगाएंगे। चीनी मिलें उनसे दोनों फसलें खरीदेंगी। चरी से एथेनाल उत्पादन की तकनीक राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने विकसित की है। संस्थान के निदेशक नरेन्द्र मोहन ने बताया देश के दो प्रमुख चीनी उत्पादक समूह बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड और डालमिया भारत शुगर मिल्स लिमिटेड इसी साल गन्ने के साथ स्वीट सोरघम (मीठी चरी) की सह फसल प्राप्त करने और एथेनाल उत्पादन करने के लिए तैयार हैं। गोंडा और शाहजहांपुर में किसानों के खेत में गन्ने के साथ ही मीठी चरी उगाई जा रही है।